हरियाणा विधानसभा

की

कार्यवाही

3 दिसम्बर, 1974

खंड 4, अंक 5

अधिकृत विवरण

विषय–सूची

मंगलवार, 3 दिसम्बर, 1974

	पृश्ठ संख्या
ताराकित प्रश्न एवं उत्तर	(5)1
स्थगित ताराकित प्रश्न एवं उत्तर	(5)3
विशेशाधिकार भंग का प्रश्न	(5)8

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव पर गृहमंत्री द्वारा वक्तव्य (5)10

कार्य–मंत्रणा समिति का द्वितीय प्रतिवेदन (5)11

नियम 15 के अधीन प्रस्ताव (5)12

नियम 16 के अधीन प्रस्ताव (5)13

सदन पटल पर रखे गए कागज–पत्र (5)13

दी हरियाणा एप्रोप्रिएशन (न. 5) बिल, 1974 (5)13

बहिर्गमन (5)19

दी हरियाणा एप्रोप्रिएशन (न. 5) बिल, 1974 (पुनरारम्भ) (5)21

दी पंजाब पंचायत समितिज (हरियाणा वैलीडेशन) बिल, 1974 (5)33

नियम 104 का निलम्बन तथा श्रीमती चन्द्रावती का संदन की सेवा से निलम्बर (5)38

दी हरियाणा म्युनिसिपल कामन लैंडज (रैगुलेशन) अमैंडमैंट बिल, 1974 (5)39

दी पंजाब कोआप्रेटिव सोसायटीज, (हरियाणा सैकैण्ड अमैंडमैंट) बिल, 1974 (5)41

हरियाणा विधानसभा

मंगलवार, 3 दिसम्बर, 1974

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर 1, चंडीगढ़ में प्रातः 9ण्30 बजे हुई। श्री अध्यक्ष (चौ. सरूप सिंह) ने अध्यक्षता की।

ताराकित प्रश्न एवं उत्तर

Mr. Speaker: Question Hour.

Starred Question No. 972.

As the honourable Member was not present, the question was not put.

Boundary Walls of Government Schools

***1013. Sh. K.N. Gulati**: Will the Minister for Education be pleased to state –

(a) whether the boundary walls of all the Government schools at N.I.T. Faridabad have been constructed; and

(b) if not, the time by which the aforesaid walls are likely to be constructed?

शिक्षा एंव परिवहन राज्य मंत्री (श्रीमती प्रसन्नी देवी):

(ए) नहीं। केवल चार स्कूलों की चार दिवारियां बनी हुई हैं।

(बी) बाकी के स्कूलों की चार दिवारियों को यथा सम्भव जल्दी से जल्दी मुकम्मल करवाया/बनवाया जा रहा है। तथापि कोई निश्चित अवधि नहीं दी जा सकती।

श्री के.एन. गुलाटी: स्पीकर साहब, क्या मिनिस्टर साहब यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ये स्कूल्ज कब से बगैर बाउंडरी वाल्ज के हैं और क्यों हैं और जब फण्डज अवेलेबल हैं तो क्या सरकार इसके लिए यह टार्गेट फिक्स करेगी कि ये चार–दिवारियां कब तक बना दी जाएगी?

शिक्षा मंत्री (श्री माडू सिंह मलिक): स्पीकर साहब, ये जो स्कूल्ज थे जो ये सैन्ट्रल गवर्नमैंट की तरफ से बनवाए गए थे। सैन्ट्रल गवर्नमैंट के अधीन स्कूल फरीदाबाद कम्पलैक्स में थे। उस वक्त जितने स्कूल्ज थे, उनकी चार दिवारियां बना दी गई थीं, लेकिनयह कहना कि फण्डज नहीं हैं, यह बात गलत है। जो फण्डज हमारे पास कम्पलैक्स ने दे दिए हैं उनसे चार दिवारियां बना दी जाएंगी।

Starred Question No. 998.

As the honourable Member was not present, the question was not put.

Starred Question No. 973.

As the honourable Member was not present, the question was not put.

Boundary Walls of the Sewa Sadan Building

***1014. Sh. K.N. Gulati**: Will the Minister for Development be pleased to state –

(a) whether the boundary walls of Sewa Sadan Government Building at Faridabad has been constructed; and

(b) if not, the time by which it is likely to be constructed?

Social Welfare and Taxation Minister (Sh. Shyam Chand):

(a) No.

(b) Kasturba Sewa Sadan is the property of the Government of India. Till the proprietary rights thereof are transferred to the State Government, the boundary wall cannot be built. The matter regarding the transfer of proprietary rights of the land/buildings of Kasturba Sewa Sadan, Faridabad to the State Government ha been taken up with the Government of India.

श्री के.एन. गुलाटी: स्पीकर साहब, फरीदाबाद में जो थोड़ी बहुत प्रोग्रैस में सलैक्नैस है, वह सैन्ट्रल गवर्नमैंट की वजह से है, तो क्या मिनिस्टर साहब व चीफ मिनिस्टर साहब इस मामले में इन्टरवीन करके इस बारे में भारत सरकार से भवन को टेक–ओवर करने के लिए जल्दी कोशिश करेंगे ताकि वहां भवन के इर्द–गिर्द बाउंड्री वाल बनाई जा सके?

Sh. Shyam Chand: Sir, we have taken up this matter with the Government of India and they have promised to expedite it.

Starred Question No. 999.

As the hon. Member was not present, the question was not put.

स्थगित तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

Mr. Speaker: The House will now take up the Postponed Stared Questions.

Starred Question No. 987.

Mr. Speaker: Extension has been asked for in respect of starrted question No. 987 which has been granted. Letter received from the Minister reads as follows :

ब.स.प.क्र.10956–3–आई–(1)–74

''हरपाल सिंह

मंत्री,

उद्योग विभाग हरियाणा

चंडीगढ़।

दिनांकः 2 दिसम्बर, 1974

विषयः– तारांकित विधान सभा प्रश्न 987 के उत्तर देने की अवधि बढ़ाने के सम्बन्ध में।

प्रिय श्री स्वरूप सिंह जी,

कृपया स्थापित विधान सभा प्रश्न न. 987 जो अब दिनांक 3–12–1974 की सूची में श्रीमती चन्द्रावती की ओर से उद्योग मंत्री को है, की ओर ध्यान देने का कश्ट करें। इस प्रश्न में मैंने अपने एक अ.स. पत्र क्रमांक 10625 आई.बी.–1–74/40972, दिनांक 26 नवम्बर, 1974 द्वारा 10–12–1974 तक समय बढ़ाने के लिए प्रार्थना की थी, जोकि 3–12–1974 तक ही बढ़ाया गया है।

2. अपेक्षित सूचना, निर्धारित समय में, एकत्रित करने के लिए पुनः पूरी कोशिश की गई है, परन्तु यह एकत्रित नहीं हो सकी है। ऐसी स्थिति में अनुरोध है कि इस प्रश्न में कृपया उत्तपर के लिए जैसा कि पहले प्रार्थना की गई है, समय 10—12—1974 तक ही बढ़ा दिया जाए। इसके पश्चात किसी भी तिथि को उत्तर के लिए निश्चित कर दिया जाए।

आपका

हस्ताक्षर,

(हरपाल सिंह)

श्री सरूप सिंह, स्पीकर,

हरियाणा विधान सभा, चण्डीगढ़।''

Cost of Production of Wheat, Paddy, Cotton and Sugarcane

***977. Ch. Mehar Chand**: Will the Minister for Agriculture be pleased to state –

(a) the produciton cost of one quintal of wheat on any Government farm under direct cultivation during Rabi 1973-74 togetherwith detailed breat up of expenditure;

(b) the production cost of one quintal of paddy on any Government farm under direct cultivation during Kharif 1973 togetherwith detailed breat up of the expenditure;

(c) the production cost of one quintal of unginned 'desi' cotton and unginned American cotton, separately, on any Government farm under direct cultivation during Kharif 1973 togetherwith detailed break up of expenditure; and

(d) the produciton cost of one quintal of sugarcane on any Government farm under direct cultivation during 1973-74 togetherwith detailed breat up of expenditure?

कृशि मंत्री (चौ. भजन लाल): (ए,बी,सी,डी) विवरण, जिसमें उचित सूचना दी गई है, विधान सभा पटल पर रखे जाते हैं। सीधी जुताई के किसी राजकीय फार्म पर देसी कपास नहीं बोई जाती है, अतः देसी कपास सम्बन्धी सूचना नहीं दी गई है।

विवरण

भाग 'ए' सम्बन्धी सूचना।

गेहूं के एक क्विंटल का उत्पादन मूल्य राजकीय कृषि फार्म, करनाल जो कि सीधी जुताई के अधीन हे पर रबी,

1973–74 का रूपए 101.75 पैसे निकाला गया है। जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है :–

	प्रति हैक्टेर रूपए में
1 मजदूरी पर व्यय	462.25
2 बैल तथा म ाीनरी पर व्यय	175.80
3 बीज का मूल्य	281.60
4 सिंचाई तथा खाल की मुरम्मत पर व्यय	347.50
5 खाद तथा उरवर्क पर व्यय	541.25
6 भूमि कर	22.50
7 भूमि का किराया	500.00
8 म ाीनरी तथा भवनों आदि का 10 प्रति ात दर से अवबमूल्यन	108.75
9 ब्याज 9 प्रति ात दर से कुल व्यय पर छः मास के लिए	109.75
10 कुल व्यय	2549.40
11 भूसा के मूल्य की कमी	412.50
12 भाुद्ध व्यय	2136.90

13 औसत उपज (क्विटलों में)	27.50
14 प्रबन्ध पर व्यय	394.75
15 प्रति क्विंटल उत्पादन मूल्य	92.50
16 फुटकर, छटाई, (रोगिंग) धुलाई, व्यय इत्यादि	9.25
17 कुल व्यय प्रति क्विंटल	101.75

भाग 'बी' सम्बन्धी सूचना

धान के एक क्विंटल का उत्पादन मूल्य राजकीय कृशि फार्म, करनाल जो कि सीधी जुताई के अधीन है, पर खरीफ 1973–74 का रूपए 86.57 निकाला गया है। जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है:–

	प्रति हैक्टेर रूपए में
1 मजदूरी पर व्यय	1040.00
2 बैल तथा म ीनरी पर व्यय	105.00
3 बीज का मूल्य	45.00
4 सिंचाई तथा खाल की मुरम्मत पर व्यय	437.50

5 खाद तथा उरवर्क पर व्यय	657.00
6 भूमि कर	22.50
7 भूमि का किराया	500.00
8 म ीनरी तथा भवनों आदि का 10 प्रति ात दर से अवबमूल्यन	108.75
9 ब्याज 9 प्रति ात दर से कुल व्यय पर छः मास के लिए	131.18
10 कुल व्यय	3046.93
11 भूसा के मूल्य की कमी	50.00
12 भाुद्ध व्यय	2996.93
13 औसत उपज (क्विटलों में)	40.62
14 प्रबन्ध पर व्यय	197.36
15 प्रति क्विंटल उत्पादन मूल्य	78.65
16 फुटकर, छटाई, (रोगिंग) धुलाई, व्यय इत्यादि	7.86
17 कुल व्यय प्रति क्विंटल	86.57

क्विंटल

औसत धानः 40.62

भाग 'सी' सम्बन्धी सूचना

अमेरिकन कपास का प्रति क्विंटल मूल्य राजकीय फार्म, सिरसा जो कि सीधी जुताई के अधीन है, खरीफ 1973 का निकाला गया है जो रूपए 309.50 प्रति क्विंटल आया है। जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार हैं:—

	प्रति हैक्टेर रूपए में
1 मजदूरी पर व्यय	365.00
2 बैल तथा म ीनरी पर व्यय	212.50
3 बीज का मूल्य	30.00
4 सिंचाई तथा खाल की मुरम्मत पर व्यय	56.75
5 खाद तथा उरवर्क पर व्यय	122.25
6 कीटना ाक दवाइयों पर तथा छिड़कावे पर व्यय	290.00
7 भूमि कर	12.00
8 भूमि का किराया	875.00
9 म ीनरी तथा भवनों आदि का 10 प्रति ात दर से अवबमूल्यन	190.00

10 ब्याज 9 प्रति ात दर से कुल व्यय पर छः मास के लिए 81.75	
11 कुल व्यय	2235.75
12 भूसा के मूल्य की कमी	81.25
13 भाुद्ध व्यय	2154.50
14 औसत उपज (क्विटलों में)	7.50
15 प्रबन्ध पर व्यय	287.25
16 प्रति क्विंटल उत्पादन मूल्य	18.50
17 फुटकर, छटाई, (रोगिंग) धुलाई, व्यय इत्यादि	3.75
18 कुल व्यय प्रति क्विंटल	308.50

झाड़ : 7.50

क्विंटल प्रति हैक्टेयर

भाग 'डी' सम्बन्धी सूचना

गन्ने के एक क्विंटल का उत्पादन मूल्य राजकीय कृशि फार्म, भाामगढ़ जिला करनाल जो कि सीधी जुताई के अधीन है,

वर्श 1973–74 में रूपए 9.94 निकाला गया है। जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है:–

	प्रति हैक्टेर रूपए में
1 मजदूरी पर व्यय	775.00
2 बैल तथा म ाीनरी पर व्यय	105.00
3 बीज का मूल्य	937.50
4 सिंचाई का खर्च	90.00
5 खाद	420.00
6 भूमि कर	22.60
7 भूमि का किराया	750.00
8 म ाीनरी तथा बैलों पर अवमूल्यन	324.20
9 पूंजी पर 9 प्रति ात की दर से अवमूल्यन	308.16
10 कुल व्यय	3732.36
11 पराली में कमी	
12 प्रबन्ध व्यय	740.80
13 भाुद्ध व्यय	4473.16

14	औसत उत्पादन प्रति हैक्टेयर (क्विटलों में)	450.00
15	उत्पादन का मूल्य प्रति क्विंटल	9.94

झाड़ : 4.50

क्विंटल प्रति हैक्टेयर

Mr. Speaker : Question hour is over.

श्रीमती चन्द्रावती : जनाब, मेरी एक सबमि ान है।

Mr. Speaker : Supplementary cannot be put when the quesiton hour is over.

श्रीमती चन्द्रवती : जनाब, सबमि ान तो किसी वक्त भी कर सकते है। इसीलिए प्वांयट आफ आर्डर भी नही उठाया।

Mr. Speaker : About the questions ?

Shrimati Chandravti : Yes, sir. जनाब, मै आपकी रूलिंग चाहती हूं कि क्या सवाल लिए ही नही गए, जैसा कि हम देखते है, हमे ा क्वै चन आवर समय से पहले ही खत्म हो जाता है या किसी मैंबर ने सवाल भेजे ही नही। जनाब मैं यह जानना चाहती हूं कि अगर सवाल भेजे है.... (विघ्न)

Mr. Speaker : Order pleas. यह आप किस से पूछना चाहती है ? कौन से मिनिस्टर से ?

श्रीमती चन्द्रवती : जनाब, मै आपसे पूछना चाहती हूं.....

..

Mr. Speaker : You can xome to my chamber and ask me about it.

श्रीमती चन्द्रवती : लेकिन जनाब, यह तो यहां पर बताना चाहये था। जो सवाल हमने पूछे वह नही आए।.....

Mr. Speaker : Question listis before the House.

श्रीमती चन्द्रवती : और कोई लिस्ट सवालों की नही आई जनाब ?

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीजं जो कायदे के मुताबिक आए वह एडमिट हो गए और कवै चन लिस्ट पर भी आ गए।

श्रीमती चन्द्रवती : जनाब, जो नही एडमिट हुए, उनकी इत्तलाह तो हमे मिलनी चाहिए थी।

Mr. Speaker : How can you put this question to the Chair at this stage ?

श्रीमती चन्द्रवती : तो जनाब, हम किस से पूछे ? यह बा दीजिए, हमे आप गाईड करे। हमारा कोई हक नही है?

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज, यह सक्रेटिरिएट का मामला है। आप किसी वक्त भी मेरे चैम्बर में आकर, किसी भी सवाल के मुताल्लिक पूछ सकती है।

श्रीमती चन्द्रवती : कया यहां असैम्बली मे कोई बात नही पूछ सके , आपके चैंबर मे ही पूछभ सकते है जनाब ?

श्री अध्यक्ष : यहा वह पूछ सकते है जोक आर्डर पेपर्ज से संबंधित हो या कवै चन लिस्ट मे ंजो सवाल दर्ज है, उनके मुताल्लिक भी पूछ सकते है।

चौधरी राम प्र ाद : स्पीकर साहब मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। हम समझ नही सके, बहन जी कल परसों से यहां पर धांधली मचा रही हैक। आखिर ये चाहती क्या है ? अगर इन्होने ऐसी ही बातें करनी है, तो ये दूसरी तरफ जाकर बैठ जाएं।

श्रीमती चन्द्रवती : स्पीकर साहब, जो मैंबर साहिबान कह रहे है क्या यह बात कहने लायक है ?

Mr. Speaker: Order pleas. No intrruptions.

वि ोशाधिकार भंग का प्र न

Mr. Speaker : There is a privilege motion.

I have received a notice of a question of breach of privilege by Sarvshri Girish Chander Joshi and Phool Chand

(Mullana) M.L.As. against Shri Chand Ram, M.L.A. and Shri Ramesh Chander, Editor, Printer and Publisher of daily Punjab Kesri. I give my consent to it and hold that the matter proposed to be discussed is in order. I call upon Sh. Girish Chander Joshi to ask for leave to raise the question of privilege.

Sh. Girish Chander Joshi: I beg to give notice to raise the following question involving a breach of privilege of the House and the Hon. Speaker against Sh. Chand Ram, M.L.A. and Sh. Ramesh Chander, Printer, Editor and Publisher of the Punjab Kesri, a Hindi daily newspaper being published from Jullundur:-

"That in the issue dated 1-12-74 of the Punjab Kesari, a Hindi daily newspaper published from Jullundur by Sh. Ramesh Chander, Printer, Editor and Publisher, a statement of Sh. Chand Ram, M.L.A. has been published under caption.

'विपक्ष हरियाणा विधान सभा के भोश अधिवे ान का बाईकाट करेगा।

inter-alia as under:-

भारतीय लोक दल की हरियाणा भााखा के कन्वीनर चौधरी चांद राम विधायक ने बताया कि भाड़े के गुंडों तथा पुलिस द्वारा श्री जय प्रका ा पर मुफ्ती में किए गए कायरतापूर्ण आक्रमण का मामला गत दिवस संसद में उठाया गया। प्रैस रिर्पोट के अनुसार लोकसभा के अध्यक्ष श्री ढिल्लों ने विचार व्यक्त किया कि

चूंकि यह मामला राज्यकी कानून व्यवस्था से सम्बद्ध है, अतः इसे हरियाणा विधान सभा में उठाया जाना चाहिए था 'और' जब प्रतिपक्षी सदस्यों ने यह मामला हरियाणा विधान सभा में उठाया तो अध्यक्ष ने यह मामला उठाने की अनुमति नहीं दी तथा कहा कि हम ऐसा कोई प्र न नहीं उठाने देंगे। जिसमें राज्य का स्वरूप कलंकित होता हो। जब श्री चांद राम ने विधान सभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे इसके कारण बताते हुए यह स्पश्ट करें कि किस ढंग से वह यह मामला उठाने की अनुमति दे सकते हैं तो उन्होंने सदन की कार्यवाही से ये रिमार्क्स भी निकाल दिए। उन्होंने कहा कि संसद में तो प्रतिपक्षी नेताओं द्वारा अनेक मामले उठाए जाते हैं तगि रिमार्क्स दिए जाते है, परन्तु लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा निकाले नहीं जाते। यद्यपि राज्य की जनता को विधान सभा में आनी भावनाएं व्यक्त करने का अधिकार है, परन्तु प्रतिपक्षी पार्टियों के लिए सदन में ऐसा करना भ कठिन हो गया है। चौधरी चांद राम ने बताया भालोदा, जनसंघ तथा संगठन कांग्रेस की चण्डीगढ़ में सरकार तथा विधान सभा अध्यक्ष के इस रवैये के विरूद्ध विधान सभा के बहिश्कार बारे विचार करने के लिए चण्डीगढ़ में बैठक हो रही है।

This statement of Sh. Chand Ram, M.L.A. as published by Sh. Ramesh Chander, Printer, Editor and Publisher in the Punjab Kesri contains the expunged proceedings of the House as also a distorted version of the proceedings of the House and also reflects on the conduct and

impartiality of the Hon. Speaker in discharge of his duties in the House.

By published the above statement of Sh. Chand Ram, M.L.A., Sh. Ramesh Chander, Printer, Editor and Publisher in the Punjab Kesri and Sh. Chand Ram, M.L.A. have committed a breach of privilege of the House and the Hon. Speaker which is a specific matter of recent occurrence and requires intervention of the Assembly.

I request that this matte may be referred to the Committee of Privileges of this House with a direction to examine all aspects of the matte and report to the House by 31st March, 1975.

A copy of the newspaper is enclosed.

I beg to move this privilege motion.

Mr. Speaker: First take the leave of the House.

Sh. Girish Chander Joshi: Sir, I beg to ask for leave to raise this question of breach of privilege.

Mr. Speaker: Is there any objection?

(No Member objected)

Mr. Speaker: As there is no objection, the leave is granted.

Now the hon. Member, Sh. Girish Chander Joshi, may please move his motion.

Sh. Girish Chander Joshi: Sir, I beg to move:-

That this question of breach of privilege be referred to the Committee of Privileges with a direction to make a report by 31st March, 1975.

Mr. Speaker: Motion moved:-

That this question of breach of privilege be referred to the Committee of Privileges with a direction to make a report by 31st March, 1975.

Mr. Speaker: Question is:-

That this question of breach of privilege be referred to the Committee of Privileges with a direction to make a report by 31st March, 1975.

The motion was carried.

Mr. Speaker: The question of breach of privilege is referred to the Committee of Privileges.

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव पर गृह मंत्री द्वारा व्क्तव्य

(श्री जय प्रका ा नारायण पर अभिकथित आक्रमण सम्बन्धी)

Home Minister (Sh. K.L. Poswal): It is absolutely incorrect to say that an attempt of planned murderous assault on Sh. J.P. Narain was made at Karnal on 27-11-1974 while he was going from Delhi to Kurukshetra to address a public Rally there. It is also incorrect to say or even assume that the alleged assault was planned by the Government and that Municipal Employees were brought of employed for this

purpose by the S.D.M. Karnal, who is also Administrator of the Municipal Committee, Karnal. No H.A.P. personnel or/and employees of Karnal D.C's office were brought to the place of incident.

The facts, however, are that Sh. Jai Parkash Narain and party in four motor cars reached that junction of by-pass and G.T. Road, Karnal at about 1.30 p.m. where a crowd of about 6000/7000 students and public had assembled. In this crowd a considerable number of youth congress students shouted anti-J.P. Narain slogans and waived black flags. Seeing this the last car of the convoy in which Sh. Raj Narain, M.P., was traveling with a photographer and some otther, stopped. Sh. Raj Narain got out of the car and shouted "Ullu ke Pathe bhag jao-tum Bansi Lal ke sikhaye huay admi ho". On hearing this the youth congress crowd got worked up and one of the students struck the car with his stick on which he was carrying the black flag. This caused a little dent in the car. Some youth congress students from behind also started pelting stones, one of which hit the photographer causing a minor injury. The Additional Superintendent of Police, Karnal, who was present on the spot handled the situation tactfully by chasing away anti-J.P. demonstrators and requesting Sh. Raj Narain to kindly continue his journey.

The unfortunate incident at Karnal occured as a result of abuses hurled by Shri Raj Narin, M.P. which provoked the youth congress students. No assault what so ever was made on the car in which Shir J.P. Narain Travelled fromm Delhi to Kurukshetra. Shri J.P.Narain's car was neither stopp4ed, nor did it stop of it5s own, at the place of incident.

No arrests were made a Karnal on 26-11-1974. However,18 persons including four advocates were arrested u/s107/151 Cr.P.C. by the Karnal City Police on27-11-1974 in order to avoid imminent apprehension of breach of peace. They were released by the S.D.M. Karnal on bail the same evening.

कार्यमंत्रणा समिति का द्वितीय प्रतिवेदन

Mr.Speaker: I have to report the time table fixed by the Business Advisory Committee in regard to various businesses.

" The Committee after some discussion, recommended that the Business on the 3rd December,1974, be transacted as follows:-

3rd December , 1974(at 9.30 A.M)

1.Question Hour.

2.Second Report of the Business Advisory Committee.

3. Motion under rule 15 regarding Non-stop sitting.

4. Motion Under Rule 15 regarding adjournment of the Sabha Sine-die.

5.**Papers to be laid on the table.**

Co-operative Department' Notification No.G.S.R.131/ P.A.25/61/S.85Amd.(1)/74, dated the 31st October, 1974, regarding the Punjab Co-operative Societies

(Haryana 1st Amendment) Rules, 1974, as required under Section 85 of the Punjab Co-operative Societies Act,1961.

6.**Legislative Business.**

1. The haryana Appropriation (No.5) Bill,1974, on Supplementary Estimates (Second Instalment) 1974-75.

2. The Punjab Panchayat Samitis (Haryana Validation) Bill, 1974.

3. The Haryana Muncipal common Lands (Regulation) Amendment) Bill, 1974."

4. The Punjab Co-operative Societies (Haryana Second Amendment) Bill,1974."

Home Minister (Shri K.L.Poswal): Sir, I beg to move:-

That this House agrees with the recommendations contained in the Second Report of the Business Advisory Committee.

Mr. Speaker: Motion moved:-

That this House agrees with the recommendations contained in the Second Report of the Business Advisory Committee.

Mr. Speaker: Question is:-

That this House agrees with the recommendations contained in the Second Report of the Business Advisory Committee.

The motion was carried.

नियम 15 के अधीन प्रस्ताव

Home Minister (Shri K.L.Poswal): Sir, I beg to move:-

that the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule 'Sittings of the Assembly.' indefinitely.

Mr. Speaker: Motion moved:-

that the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule 'Sittings of the Assembly.' indefinitely.

Mr. Speaker: Question is:-

that the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule 'Sittings of the Assembly.' indefinitely.

The motion was carried.

नियम 16 के अधीन प्रस्ताव

Home Minister (Shri K.L. Poswal): Sir, I beg to move:-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

Mr. Speaker: Motion moved:-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

Mr. Speaker: Question is:-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

The motion was carried.

सदन के पटल पर रखे गए कागज पत्र

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital):- Sir, I beg to lay on the Table a copy of the Co-operative Department's Notification No.G.S.R.131/P.A.25/61//S.85/Amd.(1)74, dated the 31st October, 1974, regarding the Punjab Co-operative Societies (Haryana 1st Amendment) Rules, 1974, as required under Section 85 of the Punjab Co-Operative Societies Act,1961

दी हरियाणा एप्रोप्रिए ान (नं0 5) बिल, 1974

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital): Sir, I beg to introduce the Haryana Appropriation (No.5)Bill, 1974.

I also beg to move:-

Mr. Speaker: Motion moved:-

that the Haryana Appropriation (NO.5) Bill be tak4en into consideration at once.

श्रीमति चन्द्रावती(लोहारू): जनाब, स्पीकर साहब, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। यह जो एप्रोप्रि ान बिल हमारे सामने हैं, मैं इसके बारे में अपने विचार रखना चाहती हूं। हरियाणा में इन 4–5 सालों में तरक्की हुई और इंडस्ट्रीज काफी लगी, इसमें कोई भाक की बात नहीं हैं लेकिन इंडस्ट्रीज का मतलब होता हैं कि जमीन पर जो फालतू पापुले ान हो, उसको हम काम दे सकें। उसमें हम कितने कामयब हुए हैं, यह बात देखने की हैं और मैं तो यह समझती हूं कि अगर फरीदाबाद सोनीपजत,या जगाधरी वगैरह में जितनी भी इंडस्ट्रीज काम करती हों और उनमें घोस्ट फैक्ट्रीज न हों, तो उत्तर भारत के लोगों कि जरूरियात को वे पूरा कर सकती हैं। लेकिन उनमें कुछ ऐसी भी इंडस्ट्रीज हैं, जो सिर्फ कोटा ले लेती हैं और घोस्ट फैक्ट्रीज हैं। मैं यह समझती हूं कि सरकार को इस बात की जांच करनी चाहिए कि उनमें कितनी घोस्ट फैक्ट्रीज हैं, जो सरकार से कोटा लेती हैंकृ

श्री अध्यक्ष: एप्रोप्रिए ान बिल से घोस्ट फैक्ट्रीज का क्या सम्बन्ध हैं ?

The Hon. Members is an old parliamentarian and has been a Minister also.

श्रीमति चन्द्रावती: तो ठीक हैं जी, मैं छोड़ देती हूं।

Mr. Speaker: It is the business of the Hon. Member to see.

श्रीमति चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, वैसे तो इसकी साथ रैल्वैंसी हैं, अगर आप चाहत हैं, तो मैं दूसरे सब्जैक्ट पर बोल देती हूं।,

Mr. Speaker: There are only two or three Demands.

श्रीमति चन्द्रावतीः ऐप्रोप्रिए ान बिल हमारे सामने हैं, इसमें इंडस्ट्रीज का जिक्र हैं और ट्रास्पोर्ट का भी हैं.....

श्री राम सरन चन्द मित्तलः स्पीकर साहब, मेरा प्वांयह आफ आर्डर हैं कि जहां तक इसमें इंन्स्ट्रीज का ताल्लुक हैं, कल सप्लीमैंट्री बजट में 120 रुपये का डिकिटल एमांउट मंजूर हुआ हैं, जिसे अब एप्रोप्रि ान में लिया गया हैं। इसके आल्वा इंडस्ट्रीज मुतल्लिक इसमें और कोई चीज नही हैं।

Mr. Speaker: It is not relevant.

श्रीमति चन्द्रावतीः तो स्पीकर साहब, आप बता दीजिए कि मैं कौन–सी चीज पर बोलूं ?

Mr.Speaker: When the Hon.Member willl speak then I will tell what is relevant and what is not ? How can I tell you before hand ?

सिंचाई और बिजली मंत्री(श्री बनारसी दास गुप्ता): स्पीकर साहब, इनको एक लिस्ट बना कर दे देजिए।

श्रीमति चन्द्रावतीः इन्होंनें यह बहुत अच्छा सुझाव दिया हैं।

Mr.Speaker: Please continue your speech, if you want.

श्रीमति चन्द्रावतीः तो जनाब मैं सरकार के ध्यान में यह बात लाना चाहती हूं कि पुलिस के डिपार्टमैंट पर बहुत ज्यादा खर्च हो रहा हैं और जानब मैं यह भी बता दूं कि झूठे मुकद्दमें बनाए जा रहे है।

Mr.Speaker:order please.

श्रीमति चन्द्रावतीः

(ाोंर एवं विघ्न)

Mr.Speaker: You are speaking irrelevant. Police Demand is not much discussion.

श्रीमति चन्द्रावतीः*

* *

*

श्री गिरी ा चन्द्र जो ीः आन ए प्वांयट ऑफ आर्डर, सर/अध्यक्ष महोदय हरियाणा एप्रोप्रि ान बिल हैं और इसमें तीन मदें इंडस्ट्रीज, ट्रांस्पोर्ट और कन्टिनजैसी फंड की हैं इन तीनो मदों के बारें में, कल जब इनके लिए डिमांडज सदन के सामने आई थी, तो वजाहत के साथ सारी बातें आ गई थी कि किस–किस पर्पज के लिए यह पैसा लिया जा रहा है। अब सवाल यह हैं कि हमें ऐज ऐ पालियामैंटेरियन बोलते वक्त उसी बात तक

सीमित रहना चाहिए जिस मकसद के लिए यह बिल लाया गया हैं। इसके अलावा अगरस्कोप से बाहर जाकर बोलना हैं, तो अगले साल का जो बजट आ रहा हैं उस मौका पर बातें आ सकती हैं और उस पर खुले तौर पर बोल जा सकता हैं। इस वक्त तो इस बिल पर जिस मकसद के लिए यह बिल रखा गया हैं, उसी मकसद पर बोलना मुनासिब हैं। मैं अध्यक्ष महोदय से अर्ज करूगां कि हाउस का वक्त जाया न हो, फजूल बातें करने के लिए और उसी मकसद के लिए यहां पर बोला जाए, जिस मकसद के लिए यह बिल लाया गया हैं।

Mr. Speaker: Yes, Sub- Rule (4) of Rule 203 of the Rules of public cedure and Conduct of Business in our Assembly is very clear. It laysdown:-

"The debate on an Appropriation Bill Shall be restricted to matters of public importance or administrative policy in the grants covered by the grants were under consideration."

The hon.Member while speaking should observe the Rules.

श्रीमति चन्द्रावती : जनाब अगर आपकी इजाजत हो, तो मैं एक बात कहकर अपना भाशण खत्म कर देती हूं और वह एक ग्रीक थिंकर की कुटे ान हैं:

" There is one point upon which every Greek political thinker is agreed, namely that tyranny is the words of

all governments; even though it be beneficent in its aims and results, it is still bad because it destroys self Government".

एक और है:

अध्यक्ष महोदय के आदे ाानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

"No worse foe than despot hath a State, under whom, frist can be no common laws, but one rules, keeps in his private hands the laws".

Shri Gulab Singh Jain: On a point of Order, Sir.May I know, Speaker Sahib, form the hon. Member whether it is relevant to read to read in detail from any written note and what is relevant in the Appropriation Bill ?

Mr. Speaker: The Hon. Member knows the rule against reading .

श्रीमति चन्द्रावती : जनाब, एक और मैं कोर्ट कर देती हूं:

"we are the servants of the law in order that we may be free."

जनाब, मैं यह कहना चाहती हुं कि हमारी सरकार कोई कायदा कानून और लां के अनुसार काम नहीं कर रही हैं लोगों को जब चाहा पकड़ कर पुलिस में दे दिया, जेल में दे दिया

Mr. Speaker:It is not relevant (interruptions).

श्रीमति चन्द्रावतीः अच्छा जनाब तो मैं बन्द कर देती हूं (श्री गिरी ा चन्द्र जो ी की तरफ से विघ्न)

Mr. Speaker: Order, order please.

श्री बनारसी दास गुप्तः आन ए प्वांयट आफ आर्डर। मेरी सबमि ान यह हैं कि बहन चन्द्रावती जी कई बार कल से यही चर्चा कर रही हैं कि.....बना कर लोग जेल में दे दिए गए तो एक दो इंस्टासिज अगर जो ी जी बता दें , तो मैं समझता हूं कि इसमें कोई हर्ज नहीं हैं, बात हाउस में स्पश्ट हो जायेगी कि किस–किस को जेल में दिया हैं और किस–किस के खिलाफ..... बनाए हुए हैं, सारी बात साफ हो जाएगी।

Mr. Speaker: Order please. I will conduct the business according to these Rules.(Interruptions)

श्री बनारसी दास गुप्तः अध्यक्ष महोदय, आपकी इजाजत से एक बात को स्पश्ट करने के लिए सबमि ान की जा सकती हैं अगर आप इजाजत दे दें तों।

Mr. Speaker: Order please.

श्री के0 एन0 गुलाटी: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। यह ला ऐंड आर्डर की बात करते हैं, तो मैं अर्ज करता हूं कि मैंने उस दिन सप्लीमैंट्री, एक लड़की के बारे मे किया था, तो यहां ला एंड़ आर्डर इतना अच्छा हैं कि उसी वक्त यहां से वायरलैस गया और लड़की रिकवर कर ली गई। ला ऐंड आर्डर इतना अच्छा हैं

कि पुलिस को दाद देता हूं लेकिन यह कहते हैं कि खराब हैं(थपिंग)

श्री गिरी ा चन्द्र जो ी (यमुनानगर): द?अध्यक्ष महोदय, सदन के सामने फाईनैस मिनिस्टर साहब ने हरियाणा एप्रोप्रिए ान (न0 5) बिल पे ा हैं और इस पर चर्चा (अध्यक्ष महोदय के आदे ाानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।) चल रही हैं। इसमें जो मदें हैं, इनके बारे में कला डिमांडज सदन में पे ा थी। और उस वक्त काफी वजाहहत के साथ इन के बारे में कहा जा चुका हैं। इस में तीन ही मंदे हैं इंडस्ट्रीज, ट्रांसपोर्ट और कंटीनजैसी फंड । इंडस्ट्रीज की मद तो सिर्फ 120 रूपये की हैं जो कि डिकीटल अमांउट हैं और किसी एक पाट्री को एक केस में उस केस की कास्ट के तौर पर देना पड़ा हैं और इस लिए यह कन्सालीडेटिड फंड से चार्ज किया गया हैं। दूसरी मद ट्रासपोर्ट के सिलसिले में हैं और यह 4 करोड़ 80 लाख रूपये की मद हैं। इस बारे में काफी वजाहत के साथ बातया जा चुका हैं कि यह किस लिए चाहिए। हरियाणा सरकार ने हाल ही में जो डीयरनैस अलाउंस अपने मंलाजमों का बढ़ाया हैं, वह अच्छा कदम हैं और यह जरूरी था कि वह बढ़ा हुआ अलांउस ट्रासपोर्ट के मुंलाजमो को भी दिया जाता। तो एक तो इस मकसद के लिए और दूसरे जो डीजल आयल, मोबिल आयल, स्पेयर पार्टस, टायर्ज वगैरा की जो कीमतें बढ़ी हैं, किसी आइटम में हडंर्ड परसैंट और किसी मैं इससे भी ज्यादा कीमतों में बढौत्तरी हुई हैं, उसे मीट करने के

लिए यह पैसा मागां गया है। हमारी ट्रासपोर्ट दे ा में सबसे बढ़िया ट्रंसपोर्ट हैं और यह बढ़िया हैं कि इसे बढ़िया ही रखा जाए, ताकि वह आम जनता कि सहूलियत कि लिए ज्यादा से ज्यादा काम करें। ऐसा करने के लिए यह जो पैसा मांगा गया हैं, ठीक ही मांगा गया हैं। तीसरी मद कन्टैन्जैसी फंड को एक करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने के लिए और ऐसा करने के लिए दो करोड़ रूपया मांगा गया हैं। पहले कन्टीन्जैसी फंड 75 लाख रूपये होता था, बाद में इसे बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया गया। और अब तीन करोड़ रूपये किया जा रहा हैं। यह फंड क्या होता हैं और किस मकसद कें लिए होता हैं इस बारे में फाजल दोस्त चौ0 मेहरचन्द जी ने काफी वजाहत के साथ कल बताया था कि यह इस पर्पज के लिए जैसे क्रिएट किया जाता हैं ताकि जब कभी सरकार को अमरजैंसी वर्कस के लिए जैसे ड्राट हैं, फैमिन हैं, उस सिलसिले में जब अचानक खर्च करना पड़ जाए, तो इस फंड में से पैसा ले लिया जाए और बाद में वह हाउस से मन्जूरी लेकर रीकूप कर दिया जाए। हमारे दे ा प्रदे ा में पिछले तीन सालों से ड्राट और फैमिन के हालत रहे हैं और इस साल तो ज्यादा कहर हैं। इन हालात को मीट करने के लिए दूर करने के लिए हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने उन फैमिन और ड्राट एरियाज में डिवैल्पमैंट वर्कस चालू करवाये हैं जहां पर उन लोगो पर आफत आई हुई हैं, उनको राजेगार नहीं मिलता हैं और खाने के लिए मोहताज हैं ताकि इस तरह करने से एक तो लोगो को रोजगार मिल जाए, रोटी का साधन का मिल जाए और दूसरे डिवैंल्पमैंट के काम भी

हो जाएं। तो यह मद इस सिलसिलें में रखी गई हैं ताकि यह फंड ऐसे हालात में ऐसे डिवैल्पमैंट वर्कस को चालू करने के लिए एक करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया जाए,क्योंकि इससें पब्लिक बहबूदी के काम एमरजैंसी के वक्त में जब लोगों पर आफत आ जाए, किए जा सकें। तो यह निहायत मुनासिब मांग हैं और इस कल भी काफी डिटेल के साथ चर्चा हो चुकी हैं। इसके साथ–साथ मैं एक और बात सदन के सामने रखना चाहता हूं। एक बात यह सदन कल भी डिमांडज पर बहस के वक्त और आज भी इस बिल पर बोलते हुए बार–बार कही गई और कुछ मैंबर साहबान ने जो इस सिलसिले में बात करने का नजरिया रखा हैं, उससे मुझे बहुत दःख हुआ और अफसोस भी हुआ कि महज अपने जाति मामलों की बुनियाद पर और अपने निजी स्वार्थ की बुनियाद पर बहक कर उन मामलों को तो पीछे रख कर देते हैं जो आम जनता की भलाई से सम्बन्ध रखते हैं जिसन हमें चुन कर यहां भेजा हैं और दूसरी बातें ले बैंठतें हैं। हमें 60/60 और 70/70 हजार लोगों ने चुनकर यहां इसलिए भेजा हैं कि हम उनकी भलाई के बारे में सोचे और काम करें लेकिन हम उनको दरकिनार रख कर अपने पर्सनल ऐग्रेंडाइजमैंट के लिए अगर इस सदन को अखाड़ा बना लें महज इसलिए कि हमारी पेपर्ज में पब्लिसिटी हो, तो मैं समझता हूं कि यह हमारे लिए मुनासिब बात नहीं हैं। हम जिम्मेदार आदमी हैं और आनरबेल आदमी गिने जाते हैं इसलिए हमें ऐसा करने नहीं चाहिए। जैसे वाकियत यहां सदन के सामने आए और जिनकी पब्लिसिटी आज अखबारों में भी आई हैं, उस

सिलसिले में मैं जरूर बात करना चाहता हूं। यहां पर एक माननीय सदस्य ने अपने पर्सनल एग्रेंडाइमैंट के लिए कुछ बातें कहीं, जिन से मेरा भी ताल्लुक हैं क्योंकि मैं इन इनटक का चीफ भी हूं और सारे हरियाणा का इस नाते का दौरा करता हूं। उनकी निस्बत और उनके भाई की निस्बत मुझे कुछ कहना हैं। यह जरूरी हैं कि उनके भाई साहब का, जिन निस्बत कहते हैं चीफ मिनिस्टर चौधरी बंसी लाल ने(श्रीमति चन्द्रावती कि तरफ से विघ्न) ..आपकी इस बात को कई बार सुना हैं, आप अपनी बात तो सुन देती हैं लेकिन मेरी बात नहीं सुनती हैं। जब मैं अपनी बात कहना चाहता हूं तो क्यों नहीं कहने दिया जाता। इन के भाई साहब के बारे में यह बात है कि वह इस किस्म के आदमी रहे हैं.....

श्रीमति चन्द्रावती: स्पीकर साहब, मेरा एक प्वांयट आफ आर्डर हैं।

श्री गिरि ा चन्द्र जो ी: दो साल पहले की बात हैंकृ

श्रीमति चन्द्रावती: जनाब, मैं प्वांयट आफ आर्डर पर खड़ी हूं।

श्री अध्यक्ष: आपका क्या प्वांयट आफ आर्डर हैं ?

श्रीमति चन्द्रावती: जी हां, ये जो चाहे कहें, मुझे कोई एतराज नहीं, लेकिन मेरे को भी कहने की इजाजत होनी चाहिए।

श्री अध्यक्ष: बहिन जी, मैं यह आपको पहले ही रोक रहा था कि आप इररैलैवैन्ट न बोंले। अच्छा होता....

श्रीमति चन्द्रावती: जनाब, मैं इरैलेवैन्ट बिल्कुल ही नहीं बोली लेकिन जो हमारे साथ जुल्म होता हैं, लोगों के साथ जुल्म होता हैं, उस बात को यहां कहने.....

Mr. Speaker: Order please. You yourself has imported the matter and nopw you want to resist it.

श्रीमति चन्द्रावतिः तो ठीक हैं, कहने दें। यहां तो... बोलते ही है।...

श्री गिरि ा चन्द्र जो ीः .....नहीं बोला था। सच्ची बात जजब करने का मादा होना चाहिए।

Mr. Speaker: The word 'Jhoot' is to be expunged. It is unparlia

*अध्यक्ष महोदय के आदे ाानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

श्री गिरि ा चन्द्र जो ीः तो जनाब , मैं यह कह रहा था कि तकरीबन देा साल पहले की बात हैं जो मुझे वहां के आदमियों ने बताई। मेरी वहां दादरी में सीमेंट फैक्ट्री हैं। एक भाादी में, जो काफी बड़ी भाादी थी, भोपाल से कबायल आए हुए थे और उनकों सुनने के लिए कोई बीस–पच्चीस हजार की हाजरी में लोग मौजूद थें। तीन डिस्ट्रिक्टस के डिप्टी कमि नर्ज और

एस0 पीज0 भी वहां मौजुद थें। चीफ मिनिस्टर साहब भी कुछ देर के लिए गए लेकिन बाद वे दिल्ली चले गए। बनारसी दास जी भी कुछ देर के लिए गए और उसके बाद वे भी वापिस आ गए। लेकिन। लेकिन ये सब चल आए, तो इन चन्द्रवती जी के भाई साहब अपने चार–पांच दोस्तों के साथ, दोस्त क्या गुंडे कहिए, मैं साफ कहना चाहुंगा, क्योंकि साफ कहना कोई गुनाह नही हैं और गांधी जी ने हमें सिखाया हैं– ाराब पीकर उस भारी मजलिस में स्टेज पर चले गए। जब उनको कहा गया कि जनता एतराज करती है कि ये वाक्यत ठीक नही हैं, तो वे नही माने, क्योंकि गर्मी थी अपनी बहिन की क्योंकि वह चीफ मिनिस्टर साहब की नजदीक थी। इसलिए वह न किसी डी0 सी0 की परवाह कर और न किसी एस0 पी0 की परवाह करे। जब आखिर में एक एस0 पी0 साहब ने जरूरत समझी और उनको दस मिनट का टाईम दिया, तब उनको अरैस्ट किया गया। केस कोर्ट में गया और उनको जुर्माना हुआ, उस जुर्माने के ऊपर उन्होंने अपील तक नही की। अगर ला ऐंड आर्डर की बात की जाए तो, मैं तारीफ करूगां चीफ मिनिस्टर साहब की। चीफ मिनिस्टर साहब के बहुत नजदीक होने के बावजूद भी...(व्यवधान) ....जो सदस्या यहां पर बैठी हुई हैं इनके भाई साहब ने यह हरकत की थी। एस0 पी0 ने जो ऐक ान लिया, उस ऐक ान की, सी0 एम0 साहब ने, ताईद की। ला ऐंड आर्डर रखने के लिए, चीफ मिनिस्टर साहब, मेरा भी अगर कोई भाई हो और वह गलत काम करे..(व्यवधान).....

Mr. Speaker: Order please.

श्री गिरि ा चन्द्र जो ी: उसको भी गिरफ्तार करें, तो मैं समझता हूं, कि यह तारीफ की बात हैं। यह ला ऐंड आर्डर खराब नहीं बल्कि सही हैं।

स्पीकर साहब, इस तरह अगर आज एक भाई खुले आम बाजार में किसी बनिए को पकड़ कर के पचास जूते लगा दें, वह आदमी तो ठीक समझा जाए और फिर कहा जाए कि सरकरा का ला एंड आर्डर खराब हैं और चीफ मिनिस्टर साहब हमारे आदमियों के पकड़ते हैं, यह बडी गलत बात हैं। मै नही समझता कि इससे ज्यादा कोई मुनासिब बात, कोई सरकार किसी की निस्बत कर सकती हैं। इन भाब्दो मैं आपका ज्यादा वक्त न लेते हुए, स्पीकर साहब इतना कहता हू कि मैंने सही वाक्ययात का ध्यापन किया हैं।

बहिर्गमन

Mr. Speaker: Shir Gulab Singh Jain.

श्रीमति चन्द्रावती: जनाब, मेरे ऊपर पर्सनल अटैक किया गया हैं। मैं बोलना चाहती हूं। बोलने कि इजाजत होनी चाहिए।

Mr. Speaker: There is no point of personal edplanation.

श्रीमति चन्द्रावती: लेकिन मेरे को जवाब का तो हक होना चाहिए। मैं अपनी बात तो कह सकती हूं जनाब इतना तो हमें अधिकार होना चाहिए।

श्री अध्यक्ष: आपने तो अपनी बात पहले कह दी हैं....

श्रीमति चन्द्रावती: जनाब, मैंने नहीं कही हैं।

Mr. Speaker: Order please.

श्रीमति चन्द्रावती: जो ाी जी ने ...मैं प्वांयट आफ आर्डर पर हूं।

श्री अध्यक्ष : आपने खुद इंट्रोडयूस किया कि आपने भाई को...

श्रीमति चन्द्रावती: जनाब, मैं प्वांयट आफ आर्डर पर हूं

श्री अध्यक्ष: आर्डर प्लीज। आपने खुद इंट्रोडूय्स किया कि आपके भाई को गलत, झूठा पकड़ा और इन्होंने जवाब दे दिया। What is personal then ?

श्रीमति चन्द्रावती: यह पर्सनल इसलिए हैं कि जो ाी जी ने जो गलतब्यानी करी, वह सदन को बता दूं।

Mr. Speaker: Order please. Shri Gulab Singh Jain.

श्री गुलाब सिंह जैन (हिसार): स्पीकर साहब, हाउस के सामने एप्रोप्रि ान बिल पे ा हैं। (विघ्न)...

Mr. Speaker: Order please.

श्री गुलाब सिंह जैनः इस बिल पर मेरे से पूर्व बोलने वाले साथियों ने कहा कि इसमें तीन मदें हैं इंडस्ट्रीज, ट्रांस्पोर्ट और कन्टैन्जैसी। इंडस्ट्रीज के बारे में.....

श्रीमति चन्द्रावतीः यहां गलत व्यानी की गई हैं।... (ाोंर)....

श्री गुलाब सिंह जैनः मैं इसके बारे में थोड़ा सा कहना चाहूंगा।(Interrupotions)

Mr. Speaker: Order please. No interruptions. Please resume your seat.

श्री गुलाब सिंह जैनः बहिन जी, पे तर इसके कि मैं किसी और मद पर अऊ.....(श्रीमति चन्द्रावति की ओर से विध्न)...

Mr. Speaker: You cannot interrupt the business of the House like this.

श्रीमति चन्द्रावति : तो जनाब मैं वाक आऊट करती हूं।(इस समय श्रीमति चन्द्रावति वाक आऊट कर गई)

दी हरियाणा एप्रोप्रिए ान (नं0 5) बिल, 1974(पुनरारम्भ)

श्री गुलाब सिंह जैन(हिसार): स्पीकर साहब के सामने एक बात रखना चाहता हूं कि जिस भाादी का ज़िक जो ी साहब

ने किया, उस भाादी में मैं भी बतौर बाराती के मौजूदा था। स्पीकर साहब, सी0 एम0 साहब वापस चले गए थें, बनारसी दास जी भी वापिस चले गए थें, लेकिन मैं स्टेज पर मौजुदा था जिस वक्त वे श्रीमान भाराब के न ो के अन्दर मदहो ा हुए अपने साथियों के साथ स्टेज पर आ बैठे। मैंने उनको रोका और कहा कि हमने आपको बुलाया नहीं। हिसार से हम लोग बरात लेकर आए हुए हैं, हमारी मजलिस में आप गड़बड़ क्यों करते हैं ? उनके हाथ में डांडा था। उन्होंने डांडा ऐसे घुमाया और मेरी तरफ अटैक करने की कोि ा ा की। आप मैंने उस पर एस0 पी0 और डी0सी को प्रोटैस्ट किया उन्होंने कहा कि वे आनरबेल मैंम्बर के रि तेदार हैं। हमको डर लगता हैं कि कहीं सी0 एम0 साहब हमारे खिलाफ ऐक ान न लें। मैंने कहा यह मेरी जिम्मेदारी हैं। आप ऐक ान लीजिएगा क्योंकि इस किस्म की गुड़ागर्दी एक भाादी के मौका पर, जहां भारीफ आदमी बैंठे हैं, भारीफ आदमी के यहां बरात आई हुई हैं, भारीफ आदमी बरात लेकर आए हुए हैं, अच्छी नहीं हैं। दूसरे भाहर में आए हुए लोंगो के साथ इस तरह नाजायज हरकत करना ठीक बात नही हैं। मेरे इस प्रोटैस्ट पर एस0 पी0 ने उसे समझाने की कोि ा ा की लेकिन उसके बावजूद जब एस0 पी0 की तरफ वहा डंडा लेकर चला, तब एस0 पी0 ने उसे अरैस्ट किया। मैंने उसके बाद सी0 एम0 साहब को टेलिफोन किया और उन्हें बताया कि हमारे साथ दादरी के अन्दर इस किस्म की ज्यादती हुई हैं और ज्यादती करने वाले एक मैंम्बर हैं, जिनके रि तेदारों ने उनके जोर पर हमारे साथ इस भाादी के अन्दर

ज्यादती की हैं। स्पीकर साहब, यह हमारे साथ खुद बीती। उसके बाद मुकद्दमा चला। और क्या हुआ, यह जो ी साहब बोल चुके हैं।इसके बावजूद, हमारी आनरबेल मैंबर, मेरी बहिन जी, ने यह जुर्रत करती हैं कहने की कि उनके साथ ज्यादती हुई। मुझे और मामलों से मतलब नही। वैसे तो हर कोई जानता हैं कि आज हरियाणा की तारीफ हरियाणा में ही नहीं तमाम हिन्दुस्तान में हैं। मैं तो अपने प्रोफै ान के सिलसिले में आधे हिन्दोस्तान का दौरा हर महीने करता हूं।

Mr. Speaker: Please confine yourself to the Appropriation Bill befroe the House.

श्री गुलाब सिंह जैनः मैं तो स्पीकर साहब, हाउस के सामने वह जो कहते हैं कि झूठी बात हैं, उसके जवाब में मैं तो बेहतर गवाही के बता रहा हूं। I am honourable member स्पीकर साहब, मेरे साथ यह बीति हैं।.....

श्रीमति चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर हैं।

श्री गुलाब सिंह जैनः इनके जोर पर इनके रि तेदार ने इस किस्म की ज्यादती की इस किस्म की बात की।

Mr. Speaker: Order please. There is a point of order. What is your point of order?

श्रीमति चन्द्रावतीः जनाब मै यह कहना चाह रही हूं। जब आप दूसरों की बात सुनते हैं, तो आपको मेरी भी बात सुननी चाहिए।

Mr. Speaker: Please resume your seat. This is no point of Order.

श्रीमति चन्द्रावतीः आज जिस वक्त....

श्री गुलाब सिंह जैनः मैं चैंलेंज करता हूं। यदि यह बात गलत हो, तो मैं हाउस रिजाईन करने के लिए तैंयार हूं। I am prepared to resign अगर वे गलत हों, तो ये जुर्रत करें रिजाईन करने की।...(विघ्न)...मैं उस वक्त मौजूदा था। मुझे बड़ा अफसोस हुआ था। जिस स्टेज पर हम लोग बैठे हुए थें...

श्रीमति चन्द्रवतीः जनाब, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर हैं।

Mr.Speaker: Please resume your seat. There is no point of order.And you are still on your legs.

Shrimati chandravati: I am not on my legs, sir.

श्री गुलाब सिंह जैनः तो स्पीकर साहब, आज हरियाणा की तरक्की के बारे में चारों तरफ चर्चा हैं, लोग तारीफ करतें हैं। विदे ाों से आने वाले लोग जो हमारे हरियाणा को देखते हैं, वे तारीफ करते हैं, इंडस्ट्रीज की बात यहां चली। इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट ने जितना अच्छा काम किया हैं हमारे हरियाणा में, उतना भाायद ही कहीं हों। इस किस्म की गड़बड़ आज दूसरे

प्रदे ाो में भाायद हो, मैं नही कह सकता, लेकिन हमारे यहां नहीं हैं, और फरीदाबाद के अन्दर , जैसा एक प्वायंट यहां पर कहा गया, इस बात का ध्यान रखा गया कि जिन लोगो को रोजगार देहात में नहीं मिलता, जो बेजमीन हैं, उनको इंडस्ट्रीज में रोजगार मिलें। हरियाणा सरकार, अगर मैं गलती नही करता, तो इस बात की तरफ खास ध्यान रख रही हैं। इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट ने देहात में स्पै ाल फोक्ल प्वांयट बनाए हैं, स्पै ाल इंसैटिव दिया जाता हैं, ताकि लोग देहात के नजदीक इंडस्ट्रीज खोलें। उनका स्पे ाल कोटा हैं। लोग आ रहें हैं और इंडस्ट्रीज खुल रही हैं। मुझे अपने डिस्ट्रिक्ट के ताजुर्ब से मालूम हैं। वहां जुगलान गांव हैं, उसके पास इंडस्ट्रीज खुल रही हैं। केमरी गांव हैं उसके पास इंडस्ट्रीज खुल रही हैं। मायड़ गांव हैं उसके पास इंडस्ट्रीज खुल रही हैं और इस तरह सादड़ गांव हैं उसके पास इंडस्ट्रीज खुल रही हैं ये मेरे हल्के के देहात हैं, जहां कि पिछले दो साल के अन्दर गवर्नमैंट की इस पालिसी के मातहत काम हुआ हैं, कि इंडस्ट्रीज हम स्प्रैड ओवर करें, नीयर दो विलेजज ताकि हमारे हरियाणा के गरीब और बेजमीन लोग जो हैं, उनको उन दिनों मजदुरी मिल सकें, जबकि ऐग्रीकल्चर का आप्र ान बन्द होता है, या ड्राट होता हैं, और आम हालत में भी मजदूरी मिल सकें। तो यह काम हैं जो हमारे यहां हुआ हैं। कम से कम मुझे अपने हल्के का तो मालूम हैं। यह सराहनीय काम हैं, जो सरकार कर रही हैं। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को और इंडस्ट्रीज मिनिस्टर को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंनें आलरेड़ी अच्छा कदम उठाया है।

स्पीकर साहब, ट्रांसपोर्ट का जहां तक ताल्लुक हैं उसके बारे में बोलते हुए मैं एक बात आपको बतलाना चाहता हूं। मेरे एक दोस्त हैं बिहार के, टाटानगर के। यें काफी बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट हैं। उनकी एक बहुत बड़ी फैक्ट्रीज वसिज की बाड़ी बिल्डिंग की हैं। That is one of the best in India वे कितनी ही स्ट्टेस की वसों की बाडीज बनाते हैं। पिछले दिनों वे ि ामला जाने के लिए दिल्ली आए और उन्होंने यह देखने के लिए कि हरियाणा स्टेट की जो बसें चलती हैं उनकी बाडीज कितनी अच्छी बनी हुई हैं, बस से ट्रैवल किया। वे करोंड़पति आदमी हैं। उनका अपना हवाई जहाज हैं। वे कलकत्ता टू टाटानगर और तमाम बिहार में अपने पर्सनल हवाई जहाज में घूमते हैं। इसके बावजूर भी सिर्फ हमारी ट्रांस्पोर्ट को देखने के लिए उन्होंनें दिल्ली से चण्डीगढ़ तक बसों में ट्रैवल किया। उसके बाद जब वे मुझे मिले, तो उन्होंनें कितनी तारीफ की हैं हमारी बसों की मेरे पास भाब्द नहीं हैं, उसका वर्णन करने के लिए। वे कहने लगे कि उन्हें व्यवसाव के सिलसिले में कितनी ही स्ट्टेस में जाना पड़ता हैं, लेकिन जितनी अच्छी बसें, जितनी अच्छी मैंटीनेंस, जितना अच्छा बसों का काम हरियाणा का देखा हैं, उतना अच्छा दूसरी स्टेट्स में नही देखा।

ठीक हैं कमियां रही हैं। कौन कहता कि कमियां नहीं होती, कमियां होती हैं–(तालियां)– गवर्नमैंट की कामियां की तरफ ध्यान दिलाएं, यह हमारा फर्ज हैं। हमारे ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर

साहब ने कल ही कहा था कि हम रोजाना तरक्की कर रहें हैं और जो कमियां होगी, उनको और दूर करेंगें। कभी कोई स्टेटिक कन्डी ान वर्ल्ड में आया नहीं करती। जब स्टेटिक कन्डी ान आ जाए। तो हमारे यहां जैनइजम में तो यह कहते हैं उस हालात में आदमी ऐक ीनलैस होता हैं, जब वह मोक्ष प्राप्त कर जाए, उससे पहले ऐक ीनलैस नही होता हैं, इसलिए मैं मान सकता हूं कि कमियां हैं लेकिन जो हम आइडियल कन्डी ानल चाहते हैं, उस आइडियलिज्म को सामने रखा जाता हैं। To chieve the idea is a very diffcult thing, but we always make an effort. मुझे खु ी हैं कि हमारे ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहब भी आइडियलिज्म तरफ हैं परन्तु हमारे हरियाणा की ट्रांस्पोर्ट दुनिया में अव्वल रही हैं। उसकी तरफ हर वक्त ध्यान रहता हैं। सरकार का ऐक ान ले रही हैं। मैं इन भाब्दों के साथ आपका भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे चन्द लफ्ज हाउस में कहने का मौका दिया।

Mr. Speaker.The Hon. Deputy Speaker.

श्रीमति चन्द्रावती: मेरी एक सबमि ान हैं.....

श्री अध्यक्ष: सबमि ान नही, On a point of order you can speak.

श्रीमति चन्द्रावती: आन ए प्वांयट आर्डर जनाब ?

Mr. Speaker: What is 'submission'? There is no such word under the Rules of Procedure.

श्रीमति चन्द्रावती: सबिम ान वर्ड तो हैं जनाब।

Mr. Speaker: Alright, I do not allow to submit. You can raise a point of order.

Shrimati Chandravati: I am on a point of order, Sir.....

श्रीमति लेखवती जैन(अम्बाला सिटी): स्पीकर साहब, मैं कल भी ट्रांसपोर्ट की डिमांड पर हाउस में बोलना चाहती थी। परन्तु जनाब हाउस में नही थे, इसलिए मुझे समय नहीं मिल सका। मुझे तो वैसे भी बहुत ज्यादा टाइम हाउस में बोलने को नहीं मिलता हैं। मैं आज इस डिमांड पर केवल एक मिनट या दो मिनट के लिए ही बोलूंगी।

श्री अध्यक्ष : आज आप खुब बोल सकती हैं।

